पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मीरजापुर

कक्षा - XI सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु सूचना

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मीरजापुर के कक्षा दसवीं (सत्र 2025-26) के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि कक्षा - XI में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 18-04-2026 से प्रारम्भ हो रही है |

सभी इच्छुक विद्यार्थी विकल्प पत्र डाउनलोड कर सभी प्रविष्टियाँ पूर्ण रूप से भरकर सम्बंधित प्रपत्रों के साथ विद्यालय में दिनांक 20-04-2026 से 25-04-2026 के बीच प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक जमा करें |

विकल्प पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करें |

1. कक्षा - X का अंकपत्र (Marksheet)
2. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
3. दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
4. SGFI /KVS National/ KVS Regional में प्रतिभागिता सम्बन्धी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
5. NCC में प्रतिभागिता सम्बंधी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
6. Scouts / Guides में प्रतिभागिता सम्बंधी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

नोट-

- समस्त प्रवेश प्रक्रिया केन्द्रीय विद्यालय संगठन कि प्रवेश नियमावली (2026-27) के अनुसार की जायेगी |
- यदि आवेदन पत्र में कोई गलत / भ्रामक जानकारी दी गयी है तो प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवेदन निरस्त किया जा सकता है |
- कक्षा - XI में प्रवेश के लिए मेरिट 5 विषयों (2 भाषा विषयों और शेष विषयों यानी गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और AI) के अंको के साथ तैयार की जायेगी तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रवेश नियमावली के अनुसार आवश्यक छुट प्रदान की जायेगी |
- यदि किसी विद्यार्थी के अंक में पूरक /कम्पार्टमेंट परीक्षा के बाद बदलाव होता है तो मेरिट लिस्ट बनाने में इसे शामिल नहीं किया जायेगा |

आज्ञा से

प्राचार्य